उपस्कर निर्माणी 283103

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय आयुध उपस्कर निर्माणी हजरतपुर

ईमेल: kvhazratpur01@gmail.com, वैबसाइट: https://oefhazaratpur.kvs.ac.in/

प्रवेश सूचना

शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु विद्यालय में कक्षा-4, कक्षा-9, कक्षा-10, कक्षा-11 (केवल कला संकाय-मानविकी) एवं कक्षा-12 में प्रवेश हेतु कुछ स्थान रिक्त हैं । इच्छुक विद्यार्थी पंजीकरण फॉर्म विद्यालय की वैबसाइट से डाउनलोड कर पूर्ण रूप से भरे हुए पंजीकरण फॉर्म आवश्यक दस्तावेजों को संलग्न करके विद्यालय कार्यालय में दिनांक 28-05-2025 से दिनांक 06-06-2025 तक सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे के मध्य किसी भी कार्यदिवस में जमा कर सकते हैं। प्रवेश केन्द्रीय विद्यालय संगठन के प्रवेश दिशानिर्देश 2025-26 के अनुसार दिये जाएंगे। अधिक जानकारी के लिए विद्यालय वैबसाइट का अवलोकन करें।

नोट: कक्षा-10 एवं 12 में प्रवेश केवल केंद्र सरकार या उसके स्वायत्त सस्थानों के कर्मचारियों के पाल्यों के लिए होंगे।

-संजय कुमार (प्राचार्य)

प्रवेश के लिए पात्र आयु :

जिस शैक्षणिक वर्ष के दौरान प्रवेश मांगा जा रहा है उस वर्ष की 31 मार्च को उस बच्चे की आयु की गणना की जाएगी । (यदि बच्चे की जन्मतिथि 1 अप्रैल हो तो उसे भी स्वीकार किया जाएगा।

आयु सीमा : कक्षा -4 में प्रवेश हेतु आयु 9 वर्ष पूर्ण एवं 11 वर्ष की आयु से कम होनी चाहिए ।

कक्षा-9 में प्रवेश हेतु आयु 13 वर्ष पूर्ण लेकिन 15 वर्ष की आयु से कम

कक्षा-10 में प्रवेश हेतु आयु 14 वर्ष पूर्ण लेकिन 16 वर्ष की आयु से कम

दिव्यांग के मामले में अधिकतम आयु सीमा में दो वर्ष की छूट दी जा सकती है ।

कक्षा 10वी एवं 12 वीं में नए प्रवेश :

कक्षा-10 एवं कक्षा-12 में प्रवेश के लिए पात्रता की निम्न शर्तें भी लागू होंगी :-

(I) बच्चे ने सीबीएसई से सम्बद्ध विद्यालय से उसी पाठयक्रम का अध्ययन किया हो।

(II) कक्षा 10वीं में प्रवेश के लिए कक्षा 09वीं की परीक्षा में कम से कम 55 % अंक होने चाहिए ।

(III) कक्षा 12वीं में प्रवेश के लिए कक्षा 11वीं की परीक्षा में कम से कम 55 % अंक होने चाहिए ।

(IV) विद्यार्थी केन्द्रीय विद्यालय संगठन के प्रवेश दिशा निर्देशों 2025-26 के अनुसार हर प्रकार से पात्र होना चाहिए।

(V) विद्यालय में उपलब्ध विषय संयोजन के अनुसार ही प्रवेश दिया जाएगा ।

(VI) यह नए प्रवेश केवल केन्द्रीय विद्यालय मे प्राथमिकता श्रेणी I एवं II (केन्द्र सरकार एवं केन्द्र सरकार के स्वायत्त निकायों के कर्मचारियो) के लिए ही होंगे।

कक्षा IX में प्रवेश की विधि

कक्षा IX में प्रवेश के लिए, एक प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी, और प्राथमिकता श्रेणी के अनुसार अलग से एक मेरिट सूची तैयार की जाएगी। भाग-अ, अनुच्छेद 05 में दी गई तालिका में निर्धारित कक्षा संख्या के भीतर तथा अभिभावक की प्राथमिकता श्रेणी के क्रम के अनुसार रिक्त सीटों को भरने के लिए प्रवेश दिया जा सकता है।

(i) प्रवेश परीक्षा इन विषयों में आयोजित की जाएगी: हिंदी, अंग्रेजी, गणित, सामाजिक विज्ञान और विज्ञान।

(ii) प्रवेश परीक्षा का केवल एक प्रश्न-पत्र 3 घंटे की अवधि और 100 अंकों का होगा जिसमें हिंदी, अंग्रेजी, गणित, सामाजिक विज्ञान और विज्ञान, प्रत्येक 20 अंकों का होगा।

(iii) अर्हता प्राप्त करने के लिए उम्मीदवारों को कुल मिलाकर न्यूनतम 33% अंक प्राप्त करने होंगे। अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ दिव्यांग (CwSN), कुल मिलाकर, न्यूनतम 25% अंक प्राप्त करने पर प्रवेश के लिए पात्र होंगे।

कक्षा –XI में केवल मानविकी (कला संकाय) में स्थान रिक्त हैं ।